रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30092025-266553
CG-DL-E-30092025-266553

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 640] | नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 30, 2025/आश्विन 8, 1947 |
| No. 640] | NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 30, 2025/ASVINA 8, 1947 |


## वित्त मंत्रालय
## (आर्थिक कार्य विभाग)
## अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 2025

**सा.का.नि. 724(अ).—**केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण (सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2025 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्के का मूल्यवर्ग.-** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में एक सौ पचास रुपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना -** नियम 2 में उल्लिखित मूल्य वर्ग का सिक्का, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होगा,अर्थात्:-

| सिक्के का मूल्यवर्ग | आकार और बाह्य व्यास | दांतेदार किनारे की संख्या | धातु संयोजन |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ पचास रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | शुद्ध चांदी<br>चांदी- 99.9 प्रतिशत |

4. **डिज़ाइन.–** **सिक्के** का डिज़ाइन वह होगा जो इन नियमों की पहली अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार.-** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर को मनाने के लिए नियम 2 में निर्दिष्ट मूल्य वर्ग के ढाले गए **सिक्के** का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

## पहली अनुसूची

**(नियम 4 देखें)**

**एक सौ पचास रुपये**

**अग्र भाग:**

**सिक्के** के इस भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाई परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाई परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"150"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग:**

**सिक्के** के इस भाग के मध्य में "सरदार वल्लभभाई पटेल" का चित्र होगा। सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में 1875 - 2025 उत्कीर्ण होगा । **सिक्के** की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती"** उत्कीर्ण होगा तथा सिक्के की निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"150TH BIRTH ANNIVERSARY OF SARDAR VALLABHBHAI PATEL"** उत्कीर्ण होगा।

## दूसरी अनुसूची

**(नियम 5 देखें)**

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक वजन | अनुज्ञात उपचार | |
|---|---|---|---|
| | | संयोजन में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ पचास रुपये | 40 ग्राम | प्रति 1000 में चांदी का 999 अंश। चांदी के अंश में 999 और उसके ऊपर तक का अंतर हो सकेगा। | 1/8000 जोड़ कर या घटाकर , अर्थात वज़न में 39.995 ग्राम से 40.005 ग्राम तक का अंतर हो सकता है। |

[फा.सं. 02/24/2024-सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 29th September, 2025

**G.S.R. 724(E). —**In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1.**Short title and commencement**.- (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of $150^{th}$ Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel) Rules, 2025.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2.**Denomination of coin**.- The coin of one hundred fifty rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate on the occasion of $150^{th}$ Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel**.**

3. **Dimension and composition of coin**.- The denomination of the coin mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: -

| Denomination of the coin | Shape and outside diameter | Number of serrations | Metal composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Fifty Rupees | Circular<br>44 millimeter | 200 | **Pure Silver**<br>Silver - 99.9% |

4. **Design**.- The design of the coin shall be as specified in the First Schedule annexed to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed**.- The standard weight of the coin of denomination referred in rule 2 shall be coined to commemorate on the occasion of $150^{th}$ Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule annexed to these rules.

**THE FIRST SCHEDULE**

**[See rule 4]**

**ONE HUNDRED FIFTY RUPEES**

**OBVERSE:**

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagari script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value "**150**" in the international numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:**

This face of the coin shall bear the image of **Sardar Vallabhbhai Patel** in the center of the coin. The year 1875 – 2025 in the international numerals shall be inscribed below the image of Sardar Vallabhbhai Patel. The text **"सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती"** shall be inscribed in Devnagari script on the upper periphery of the coin and "**150TH BIRTH ANNIVERSARY OF SARDAR VALLABHBHAI PATEL"** shall be inscribed in English on the lower periphery of the coin.

**THE SECOND SCHEDULE**

**[See rule 5]**

| Denomination of the coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Fifty Rupees | 40 Grams | 999 parts of silver per 1000. The tolerance for Silver content shall be 999 and above. | 1/8000th plus or minus that is to say weight could be 39.995 grams to 40.005 grams. |

[F.No.02/24/2024- Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

AMIT KUMAR JAISWAL
Digitally signed by AMIT KUMAR JAISWAL
Date: 2025.09.30 23:35:43 +05'30'